प्रेस विज्ञप्ति

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में ऐश्वर्य प्रताप सिंह का विश्वस्तरीय स्वर्णिम प्रदर्शन

नए फाइनल वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ **50** मीटर राइफल **3** पोजिशन स्पर्धा में स्वर्ण**,** अकादमी को कुल **6** पदक

भोपाल | 12 फरवरी 2026
नई दिल्ली में आयोजित एशियन शूटिंग चैंपियनशिप (राइफल एवं पिस्टल स्पर्धा) में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज़ ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही उन्होंने टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर दोहरा स्वर्ण प्राप्त किया। ऐश्वर्य का यह प्रदर्शन प्रतियोगिता का प्रमुख आकर्षण रहा तथा उन्होंने भारतीय शूटिंग को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई ऊंचाई प्रदान की।

दिनांक 02 फरवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित इस प्रतिष्ठित एशियाई प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के शीर्ष खिलाड़ियों ने सहभागिता की। कड़े प्रतिस्पर्धात्मक माहौल के बीच मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने अनुशासन, तकनीकी दक्षता एवं उत्कृष्ट एकाग्रता का परिचय देते हुए कुल 6 पदक अर्जित किए।

ऐश्वर्य प्रताप सिंह का विश्वस्तरीय प्रदर्शन
ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उनकी सटीक निशानेबाजी, मानसिक दृढ़ता और अनुभव ने उन्हें प्रतियोगिता में सबसे आगे रखा। फाइनल मुकाबले में उनके द्वारा बनाया गया वर्ल्ड रिकॉर्ड भारतीय शूटिंग इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ।इसके अतिरिक्त उन्होंने टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर अकादमी को गौरव दिलाया। उनका यह प्रदर्शन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

अन्य खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन
मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के अन्य खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 10 मीटर एयर राइफल जूनियर पुरुष टीम स्पर्धा में यश पांडेय ने स्वर्ण पदक अर्जित किया, वहीं 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन सीनियर महिला टीम स्पर्धा में आशी चौकसे ने रजत पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 50 मीटर राइफल प्रोन पोजिशन जूनियर पुरुष टीम स्पर्धा में हेमंत बर्मन ने रजत पदक जीतकर अकादमी को गौरवान्वित किया। इन सभी खिलाड़ियों के सम्मिलित प्रयासों से अकादमी ने प्रतियोगिता में कुल 03 स्वर्ण एवं 03 रजत सहित 06 पदक अपने नाम किए।

खेल मंत्री श्री सारंग ने दी बधाई

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने ऐश्वर्य प्रताप और अन्य खिलाड़ियों को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी प्रदेश के सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता उनके समर्पण, कड़ी मेहनत एवं अनुशासित प्रशिक्षण का प्रतिफल है तथा यह प्रदेश के खेल विकास के लिए प्रेरणादायक है।

अकादमी की प्रशिक्षण व्यवस्था का सकारात्मक परिणाम
मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण, खेल विज्ञान आधारित अभ्यास पद्धति एवं अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। इसी

सुनियोजित प्रशिक्षण का परिणाम है कि अकादमी के खिलाड़ी निरंतर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।